हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 8 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 पक्षी दिवस पर शासकीय विद्यालय मड़ियाकट्टा में हुई विविध...



12 सेना में 22 साल सेवा के बाद लौटे हवलदार...





## खबर संक्षेप

### बालोद नगर पालिका अनारक्षित महिला व दल्लीराजहरा ओबीसी मुक्त के लिए आरक्षित

**बालोद।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व नगर पंचायत के अध्यक्षों के आरक्षण की सूची जारी कर दी गई है। नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष पद के लिए बालोद के लिए अनारक्षित महिला व नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा से अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त किया गया है। वहीं, जिले के 7 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के आरक्षण में नगर पंचायत डौण्डी में अनुसूचित जनजाति महिला, अर्जुन्दा अनारक्षित मुक्त, गुरूर अनारक्षित मुक्त, डौण्डीलोहारा अनारक्षित मुक्त, गुण्डरदेही अनारक्षित मुक्त, नवनिर्मित नगर पंचायत पलारी बालोद अनारक्षित मुक्त किया गया है।

### आगामी चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक कल

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय विधायक अनिला भेड़िया एवं ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति के निर्देशन ने आगामी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद चुनाव के तैयारी के सम्बन्ध आवश्यक बैठक 9 जनवरी को स्थानीय कांग्रेस भवन में दोपहर 12:30 बजे से रखा गया है। कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता जो नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं पार्षद के चुनाव लड़ने के इच्छुक हो वे आवेदन सहित कांग्रेस भवन में उपस्थित होने की कृपा करें। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मेघनाथ साहू ने नगर पंचायत के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अनिला भेड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

### पेंशनर सम्मेलन व सम्मान समारोह कल

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरूर द्वारा तहसील स्तरीय पेंशनर सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन 9 जनवरी को पेंशनर भवन गुरूर में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेखापाल ग्राम डोटोपार सीताराम सोनखुटिया होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष छ.ग राज्य पेंशनर समाज तहसील गुरूर सेवाराम तेजस्वी करेंगे। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष छ.ग राज्य पेंशनर समाज जीके साहू, सुभाश चौधरी, एलएस साहू, उमेदी राम गंगराले होंगे। कार्यक्रम में सन्-2024 में 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के पेशनरों तथा विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली पेंशनरों तथा 2024 के दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर सामाजिक, साहित्यिक एवं अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

**कार्यक्रम : मुख्यमंत्री साय बालोद जुंगेरा में 141 करोड़ के 115 कार्यों का करेंगे लोकार्पण व भूमिपूजन**

# मुख्यमंत्री साय व पूर्व मुख्यमंत्री बघेल दोनों आज जिले में, अलग-अलग कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


बुधवार को जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हो रहा है। एक ओर जहां मुख्यमंत्री श्री साय बालोद जुंगेरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ग्राम सकरौद में आ रहे हैं। दोनों कार्यक्रमों के लिए छपवाए गए आमंत्रण कार्ड ने जिले में राजनीतिक गर्मी पैदा कर दी है।


- कार्यक्रम के आमंत्रण कार्ड में नाम को लेकर चर्चा का बाजार गर्म

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में प्रोटोकाल का ध्यान रखते हुए कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कार्ड में जगह दी गई है, तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में प्रोटोकाल का ध्यान नहीं रखने एवं क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा दिन भर चर्चा का विषय रही। बुधवार 8 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बालोद के हाई स्कूल मैदान जुंगेरा में 12 बजे आ रहे हैं। जहां वे 141.03 करोड़ के 115 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए प्रशासन ने प्रोटोकॉल का ध्यान रखा एवं कार्ड में क्षेत्र के तीनों विधायकों व कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर कार्ड में नाम छपवाया है।

वहीं, लोगों का आरोप है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यक्रम में प्रोटोकाल का पालन नहीं किया गया है। भूपेश बघेल गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सकरौद में दोपहर 12 बजे आ रहे हैं। वे यहां 152.42 लाख के 20 कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके लिए जो आमंत्रण कार्ड बांटा गया है, उसमें अतिथि के रूप में कांग्रेस के ही नेताओं के नाम हैं, यहां क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कोई स्थान नहीं दिया गया है। एक ही दिन में दोनों पार्टी के प्रमुख नेता के होने वाले कार्यक्रमों में छपे कार्ड ने चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल सकलोर में आयोजित लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में होंगे शामिल





### जिपं सदस्य पुष्पेंद्र ने लगाया उपेक्षा का आरोप



क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में कभी प्रोटोकाल का पालन नहीं किया गया। तब कार्यक्रमों में भाजपा के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जाती थी, वह आज भी जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन भाजपा शासनकाल के एक साल बाद भी कांग्रेसी मानसिकता से उबर नहीं पाया है। वे भाजपा शासन के कार्यक्रमों में कांग्रेस के लोगों को जोड़ना नहीं भूलते, लेकिन कांग्रेस के कार्यक्रमों में भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कांग्रेस की सरकार चले जाने के बाद भी कांग्रेस के प्रति वफादारी दिखाते हुए अब भी कर रहे हैं।

### जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन ने लिया तैयारियों का जायजा




भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन दोपहर 12 बजे बालोद में हो रहा है। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शासन के हितग्राही पेंशनधारियों को कंबल का वितरण भी करेंगे। इसका वितरण शहर मंडल द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री भाजपा कार्यालय का लोकार्पण भी करेंगे।

पत्रकार वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कमल पंपालिया, राकेश छोटू यादव भी मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता के बाद सभी नेताओं व अफसर ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया, यहां पर विशाल मंच बनाया जा रहा है। साथ ही लोगों के बैठने की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है। भूमि पूजन में 77.99 करोड़ रुपए के 76 कार्य शामिल किए गए हैं। वहीं लोकार्पण में 62.83 करोड रुपए के 38 कार्य शामिल किए गए हैं। इस तरह कुल 114 कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

# शराबियों का अड्डा बना गार्डन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित दशेहरा तालाब के किनारे में स्थित गार्डन शराबियों का अड्डा बन चुका है। यहां सुबह से देर रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।

प्रशासन द्वारा लाखों रूपये खर्च कर एक बेहतर गार्डन जहां फूल पौधों के साथ ही बच्चों के खेलने के लिए झूले और अन्य सामग्रियों की व्यवस्था कर निर्माण करती है तथा थकने पर बैठ कर आराम करने के लिए आरामदायक कुर्सी लगाई जाती है, लेकिन इनका लाभ मोहल्लेवासियो के साथ बच्चों को मिलने की जगह शराबी व नशेड़ी उठाते हैं। इसका उदाहरण जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 2 में दशहरा तालाब के किनारे स्थित गार्डन में देखने को मिल जाएगा। जहां फूल पौधों की जगह डिस्पोजल और शराब की बोतलें नजर आती हैं, जहां गंदगी फैली है, जिसके कारण गार्डन कचरे के ढेर में तब्दील होते जा रहा है। मोहल्ले की महिलाओं ने बताया कि इस गार्डन को लगभग 5 साल पहले बनवाया गया था, लेकिन नगर पालिका द्वारा इसकी सुरक्षा और संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया। इसके कारण यह शराबियों का अड्डा बन चुका है, जहां सुबह से देर रात तक शराबी और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। ये लोग वहीं बैठकर शराब पीते पिलाते हैं और कई तरह के नशे में संलिप्त रहते हैं, जो गाली गलौज के साथ ही मारपीट करते रहते हैं। यहां गाली गालौज इतनी आम बात हो गई है कि आस पास के घरों में भी इनकी आवाजें गूंजती हैं, लेकिन इन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। रात को इस रास्ते से महिलाएं या कोई आम व्यक्ति गुजरने से कतराता है।

**एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज**
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## जनदर्शन में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं का परीक्षण कर त्वरित निराकरण करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे लोगों की मांगों एवं समस्याओं का सूक्ष्मता से परीक्षण कर उनके निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिले के आम नागरिक आशा और विश्वास के साथ अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचते हैं। इसलिए हम सभी अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित कलेक्टर ने जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा भी उपस्थित थे।

### सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन 13 तक

**बालोद।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शिक्षा सत्र 2025–26 में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल होने ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रभारी प्राचार्य सैनिक स्कूल अंबिकापुर ने बताया कि कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन 13 जनवरी 2025 को शाम 5.30 बजे तक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाईट में किया जा सकता है। इसके साथ ही ऑनलाईन आवेदन शुल्क 14 जनवरी को रात्रि 11.50 तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाईट पर घोषित कर दी जाएगी।

### डौंडीलोहारा में मड़ई 13 को

**डौंडीलोहारा।** नगर में 13 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। नगर समिति के अध्यक्ष गौकरण सिन्हा ने बताया कि रात्रि में नगर के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त लोक संस्था रंग झरोखा गरियाबंद के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

**जिले के खिलाड़ियों ने 12 स्वर्ण सहित 24 पदक जीते**

# मुख्यमंत्री कप राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज:बालोद

मुख्यमंत्री कप राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बालोद जिला ने 12 स्वर्ण 7 रजत पदक 5 कांस्य सहित कुल 24 पदक जीता।

भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग खेल संघ द्वारा रायगढ़ ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में आयोजित मुख्यमंत्री कप राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बालोद जिला के 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिले के खिलाड़ियों ने 12 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक, 5 कांस्य पदक पर कब्जा किया।

बालोद जिला किकबॉक्सिंग संघ के सचिव किशोर नाथ योगी (पूर्व सैनिक) ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विभिन्न वर्ग में पदक जीतकर बालोद जिला का नाम रौशन किया है, जो आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी भाग लेंगे। किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष राकेश यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल व्यक्तित्व का निर्माण करता है, बल्कि समाज में खिलाड़ियों को विशेष स्थान भी प्रदान करता है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों को शासन की ओर से खेल सम्मान व अलंकरण भी दिया जाता है। इस सफलता पर छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री छगन मूंदड़ा, कार्यकारिणी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदिवान, अजय यादव गौ सेवक ने हर्ष व्यक्त किया है।




### ये हैं पदक विजेता खिलाड़ी

प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जैस्मिन साहू, पल्लवी साहू, तामेशरी, हिमांशी डडसेना, ट्विंकल टंडिया, अदिति साहू, सिमरन सिंह, नेहा ठाकुर, प्रफुल यादव, आयुष यादव, अभिनव शर्मा, ऐश्वर्या साहू सम्मिलित है। सोनम साहू, जिया जयसवाल, हर्ष देवांगन, हर्षदीप साहू, ईशान कोमार्य, कप्षा गुप्ता, साधिके दुबे ने रजत पदक जीता। आदित्य देव राज, आरव प्रियन, नैतिक कुकरेजा, शुभांजलि साहू, काव्य साहू ने कांस्य पदक जीता।



## खबर संक्षेप



### शिक्षक तेजेंद्र ने करवाया नेवता भोज

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नारागांव के शिक्षक तेजेन्द्र कुमार हिरवानी ने अपने जन्मदिन पर पत्नी के साथ मिलकर सभी बच्चों व शिक्षकों को नेवता भोज करवाया। इस कार्यक्रम में मां सियादेवी मंदिर नारागांव के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार साहू भी उपस्थित थे।

### खुंदनी के बच्चों को दिया गया न्योता भोज



**गुरूर।** अपने जन्मदिन के अवसर पर एम ठाकुर व ओपी साहू ने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के बच्चों को न्योता भोज करवाया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक बीएस साहू, सीएम ठाकुर, ओपी साहू, एलके ध्रुव एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक एचएल पटेल, एनआर साहू, पीएम एवं रसोईयां तामेश्वर साहू, माहेश्वरी साहू, फलिता साहू, चितरेखा गजमल्ला उपस्थित थे।

### शाला विकास समिति के सदस्यों ने कराया नेवता भोज



**डौंडीलोहारा।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में 7 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला भालूकोन्हा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में शाला समिति के सदस्य लीलाधर देहारी, दिलेश्वर साहू, तरुण कुमेटी व शाला समिति अध्यक्ष सियाराम दुग्गा ने बच्चों को गाजर का हलवा, पूड़ी, भजिया, पापड़, दाल, चावल, सब्जी खिलाया। प्रधानपाठक गजेन्द्र कुमार खरे व सहायक शिक्षिका किरण ठाकुर ने समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदेश के नेतृत्व में किया तीन दिवसीय प्रवास

# अभासा जैन समता युवा संघ की टीम ने छत्तीसगढ़ व ओडिशा का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



■ विभिन्न स्थानों पर समता युवा संघ का किया गया पुनर्गठन

अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन समता युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदेश टाटिया के नेतृत्व में तीन दिवसीय दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर, राजनांदगांव, डोंगरगांव, उमरवाही, मंगचुवा, अंबागढ़ चौकी, मोहला, मानपुर, संबलपुर (भानु), डौंडी, ठेलकाडीह, खैरागढ़, छुईखदान, रोड अतरिया, गंडई, कवर्धा आदि समता युवा संघ के साथ-साथ ही अनेक साधुमार्गी क्षेत्रों में प्रवास किया गया। दल्लीराजहरा में वीर परिवार, कुसुमकसा में अपने संघ परिवार के निवास में मिलने एवं डौंडीलोहारा में मुमुक्षु बहन का स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रवास के दौरान संघ/क्षेत्र में विराज रहे चारित्रात्माओं के दर्शन, वन्दन का लाभ लिया। आध्यात्मिक स्नेह सम्मेलन के पावन अवसर पर कवर्धा संघ में समता युवा संघ का पुनर्गठन किया गया। इसी प्रकार मंगचुवा संघ को समता युवा संघ से समता युवा शाखा में पुनर्गठन किया गया। उमरवाही, ठेलकाडीह अंबागढ़ चौकी, छुईखदान, रोड अतरिया इन 5 संघों में नवीन समता युवा शाखा का गठन किया गया। डोंगरगांव, मानपुर , संबलपुर (भानु ) इन 3 संघों में समता युवा संघ के सत्र 2024 से 2026 के लिए सर्वसम्मति से नवीन मनोनयन किया गया। प्रवासी दल द्वारा सभी संघों में समता शाखा, उत्क्रांति, महत्तम शिखर के अंतिम 50 दिन, सज्झामी रयो सया व्यसनमुक्ति, तरुण-शक्ति, प्रतिक्रमण कंठस्थ, सामाजिक कार्यक्रम व संगठन सहित श्री अ.भा.सा. जैन समता युवा संघ द्वारा संचालित कई प्रवृत्तियों की भव्य प्रभावना की गई। सभी संघों में कैलेंडर का वितरण किया गया। सभी संघों में प्रवासी दल का आत्मीयता से स्वागत अभिनंदन किया गया।

सभी युवा साथियों ने प्रत्येक सभा में उत्साहपूर्वक सहभागिता का निर्वहन किया तथा संघ विकास के लिए सकारात्मक सुझावों का आदान-प्रदान किया। नगर के विजय भंसाली राष्ट्रीय मंत्री छत्तीसगढ़ ओडिशा अंचल श्री अ.भा.सा.जैन समता युवा संघ के द्वारा अतिथि सत्कार और सुन्दर व्यवस्था के लिए सभी संघों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पेंशनरों ने पार्षद माया व रहिमत का किया सम्मान





**डौंडी लोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील इकाई डौंडी लोहारा की बैठक में पेंशनरों के लिए पार्षद निधि से तीन सीटर स्टील चेयर प्रदान करने वाली वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद माया जयेश ठाकुर तथा पेंशनरों के लिए कुर्सी प्रदान करने वाली वार्ड 08 की पार्षद रहिमत कोसमा के प्रति संघ ने आभार व्यक्त करते हुए शाल और श्रीफल से सम्मानित किया। पेंशनर समाज की नियमित बैठक के बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संरक्षक रामेश्वर ठाकुर ने शपथ दिलाई। बैठक को प्रीतम कुमार देशमुख, उपाध्यक्ष एनआर गंगबोईर एवं अध्यक्ष एसआर शार्वा ने संबोधित किया। प्रदेश स्तर पर तहसील इकाई डौंडी लोहारा को उत्कृष्ट स्थान मिलने पर अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को बधाई दी। उसके बाद पेंशनर्स समाज को कुर्सी प्रदान करने वाली पार्षद द्वय माया जयेश ठाकुर एवं रहिमत कोसमा का सम्मान किया गया। पार्षद माया जयेश ठाकुर ने कहा कि मैं बुजुर्गों में ऐसी एकता देखकर भावविभोर हूं, जहां दूर दराज के पेंशनर्स यहां उपस्थित हैं, और अपनी समस्या का समाधान आपस मे मिलजुलकर करते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जब भी कोई सहयोग की आवश्यकता हो, निः संकोच मुझे याद कीजियेगा मैं उपलब्ध रहूंगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू, तहसील उपाध्यक्ष रश्मि केराम, अंकेक्षक द्वय बीएस साहू एवं डीआर सूर्यवंशी संगठन मंत्री भोमन सिंह ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य भोलाराम साहू, रोहित देवांगन, देवशरण देशमुख, मनराखन उइके हेमिन अठभैया, उषा कामड़ी, खिलेश्वरी साहू, अहिल्या बघेल, कमला भुआर्य सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ ने नए सदस्यों का किया सम्मान





**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह एवं मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी तोमर सिंह मांडवी थे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉक्टर चावड़ा ने की। विशेष अतिथि डब्लूआर वानखेड़े, अमर सिंह मांडवी, शेर सिंह उपस्थित थे। 17 दिसंबर को बीजापुर में आयोजित 23वें प्रांतीय पेंशनर दिवस एवं सम्मान समारोह के संबंध में चर्चा की गई। विशेष अतिथि डब्लूआर वानखेड़े ने गीत, कविता एवं संस्मरण सुनाए। नए सदस्यों व पेंशनर थनवार सिंह साहू को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़े हुए सदस्यों ने चुंबकीय चिकित्सा की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। महामंत्री बी बेलसर ने आभार व्यक्त किया।

## गुरुद्वारा पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन, मत्था टेका, लिया आशीर्वाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सिख समुदाय के 10वें गुरु श्री गोविन्द सिंह जी की जयंती प्रकाश पर्व पर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने गुरुद्वारा पहुँचकर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया व प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष पवन साहू, भाजपा नेता राजा दिवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय कमलेश सोनी व सुरेश निर्मलकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, सुरेन्द्र देशमुख, प्रेम साहू, कुलदीप कत्याल, संतोष कौशिक, पंकज आहूजा, रवि पांडे, कमल पंपालिया, अजय बाफना, रौनक कत्याल, प्रीत कत्याल सहित सिख समुदाय के लोग उपस्थित थे।









संकलनकर्ता - ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद, मो. 8085026287, 9425559113




संकलनकर्ता - ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद, मो. 8085026287, 9425559113

## खबर संक्षेप



### भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन को दिया पलारी मानस महाकुंभ का आमंत्रण


**गुरूर।** ग्राम पलारी मानस महाकुंभ के आयोजन के लिए नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख को आमंत्रण पत्र समिति द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान समिति के कोषाध्यक्ष संतोष गंगबेर, सदस्य नंदकुमार साहू, हेमलाल साहू, रोहित कुमार, जगत राम, झालेन्द्र कुमार व सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय बालोद में भेंट मुलाकात की।

### डेगरापार में हुआ एक दिवसीय रामायण सम्मेलन



**गुण्डरदेही।** ग्राम डेगरापार में एक दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता जसवंत सिन्हा शामिल हुए। जसवंत सिन्हा ने कहा कि प्रभु श्री राम जी की कथा सुनने से मन को शांति मिलती है, साथ ही सभी इकट्ठा होकर कथा सुन पुण्य के भागी बनते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में भक्तिमय माहौल रहता है तथा ऐसे आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा बना रहता है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन से कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नवनियुक्त जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के निवास स्थान सुरेगांव पहुंचकर भेंट की। इस अवसर पर पार्षद व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष टीकाराम निषाद, पार्षद व मंडल उपाध्यक्ष हरिश निषाद, बुथ अध्यक्ष डिलेन्द निषाद, बल्ला निषाद, बोधी राम निषाद, हेमलाल निषाद, दानू राम देशमुख उपस्थित थे।

### ग्राम कनेरी में मंदिर निर्माण के लिए राकेश ने दिए एक लाख

**गुरूर।** ग्राम कनेरी में ग्राम पंचायत में मूर्ति अनावरण समारोह एवं सरस्वती शिशु मंदिर के



वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश यादव ने मां कंकालीन मैया मंदिर परिसर में बनने वाली 25 फीट ऊंची शिव प्रतिमा के निर्माण के लिए अपनी माताजी एवं पिताजी की स्मृति में उपरोक्त मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रूपए देने की घोषणा की। श्री यादव की घोषणा पर अध्यक्ष कंकाली मंदिर समिति जनार्दन सिंह, जानू राम साहू, रेखरामम पटेल, सरपंच दिनेश्वरी, पन्नालाल सिंह, अश्विन साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया है।

## ग्राम डांडेसरा में जवान के स्वागत में उमड़े ग्रामीण, देशभक्तिपूर्ण रहा माहौल

# सेना में 22 साल सेवा के बाद लौटे हवलदार शिवनारायण, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भारतीय सेना में शामिल होकर 22 साल तक देश सेवा के बाद ग्राम डांडेसरा लौटने पर सेवानिवृत्त हवलदार शिवनारायण साहू का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

22 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद हिराऊ राम साहू और हेम बाई साहू के पुत्र शिवनारायण साहू हवलदार के पद पर रहते हुए पटियाला (पंजाब) से देश की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने के बाद वे अपने गृहग्राम पहुंचे। इस अवसर पर ग्राम डांडेसरा के समस्त ग्रामवासियों ने हवलदार शिव नारायण साहू का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर ग्राम के सरपंच विजय लक्ष्मी साहू, उपसरपंच विवेकनंद साहू, पंच ठाकुर राम साहू, बिसाहू निषाद, निझाम निषाद एवं समस्त पंचायत सदस्य तथा ग्राम के ग्रामीण ग्राम पटेल ईश्वरी अठभैय्या, पूर्व अध्यक्ष डॉ. धिरपाल अठभैय्या, परिक्षेत्रीय साहू समाज धनेली अध्यक्ष चंद्रहास अठभैय्या, सेवानिवृत्त शिक्षक केएल कलिहारी, बीआर कलिहारी, पूर्व सरपंच उधो राम कलिहारी, सेवानिवृत्त व्याख्याता एसएल कलिहारी, प्रधान पाठक राजू साहू, लोमश कलिहारी, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलाराम साहू, मुरारी साहू, प्रधान पाठकघसिया साहू, भीषम सोनबोईर, केएल कलिहारी, बीआर कलिहारी, एसएल कलिहारी, राजू साहू, लोमश कलिहारी, मुरारी साहू, घसिया साहू, भीषम सोनबोईर, शिक्षक चुम्मन लाल साहू, ओमप्रकाश साहू, शिक्षक किशोरी सोनबोइर, हेमंत सेन, ढाल सिंह साहू, दुष्यंत कुमार साहू, क्रेजी फाईव प्लस ग्रुप व ग्राम विकास समिति ग्राम डांडेसरा द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया गया सम्मानित**



### जब भी भारत माँ की सेवा का मौका मिले तो जरूर करें

हवलदार शिवनारायण साहू ने कार्यक्रम के दौरान 22 साल की सेवा अवधि के दौरान हुए अनुभव ग्रामीणों के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि उन्होंने मातृभूमि की सेवा करते हुए देश के अलग-अलग राज्यों में अपनी सेवाएं दीं। श्री साहू ने बताया कि गलवान घाटी, जो कि चाइना बॉर्डर से लगी हुई है, वहां का तापमान – 40 डिग्री तक पहुंच जाता है, जहां कार्य करना बहुत ही कठिन होता है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी आपको भारत माँ की सेवा करने का मौका मिले, तो जरूर कीजियेगा।

# सिन्हा कलार समाज के सामुदायिक भवन का किया गया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कलार (सिन्हा) समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, शासकीय चिकित्सालय डौंडी लोहारा के समीप शनिवार को किया गया।

भवन के लिए सांसद निधि से 19.90 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू थे, अध्यक्षता समाज के महामंडलेश्वर डॉ कंवल सिन्हा ने की। विशेष अतिथि मण्डल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, युवराज लाल निर्वेंद्र टेकाम, रूपेश सिन्हा, महामंत्री दारा सिंह भौसार्य, कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा (गाँधी), प्रेम लाल साहू, जसराज शर्मा, डोमेन्द देशमुख युवा मोर्चा अध्यक्ष, सरपंच नेतराम तारम, उपसरपंच हरेश्वर सिन्हा, हीरा लाल सिन्हा सचिव, मोहन सिन्हा कोषाध्यक्ष, गौकारण सिन्हा, महरु राम सिन्हा, अशोक सिन्हा, विजय सिन्हा, उमेंद सिन्हा, मानसिंह तारम, तुकाराम साहू, लाल जी मंडावी सहित समस्त ग्रामीण व पंचगण उपस्थित थे।

मंडलेश्वर कमल सिंह ने कहा कि समाज में एकजुटता, ईमानदारी एवं पारदर्शिता रहना चाहिए, ताकि समाज का कार्य सुचारू रूप से चल सके। भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि भाईचारा सनातन धर्म को संजोए रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है हम सभी भाई एक साथ मिलजुलकर चलें, तभी विकास होगा। सभा का संचालन मोहन सिन्हा एवं नंदू राम सिन्हा ने किया।

# श्रीकृष्ण जैसा मित्र पाने के लिए सुदामा बनना पड़ेगा : पं केशव

**अंडा।** ग्राम देवगहन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक आचार्य पं. केशव शर्मा छोटे महाराज ने सातवें दिन सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि सुदामा और श्री कृष्ण की मित्रता सच्ची थी। सच्ची मित्रता वही है, जिसमें केवल प्रेम है, समर्पण का भाव है। मित्र की सदैव रक्षा करनी चाहिए। अगर आप को भी सच्चा मित्र मिल जाए तो आपका जीवन भी सुदामा की तरह हो सकता है, लेकिन श्रीकृष्ण जैसा मित्र पाने के लिए आपको भी सुदामा की तरह



मित्रता करनी होगी। आज 8 जनवरी को तुलसी वर्ष, हवन, सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा। भागवत कथा में शामिल रविशंकर साहू, लनेश साहू, राकेश, उपेन्द्र डा. एनके साहू, ज्योति साहू सहित आस पास के ग्रामीण जन हजारों की संख्या में पहुंचकर आनंद उठा रहे हैं।



**अंडा।** ग्राम समोदा में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित भूपेंद्र पांडे ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला और माखन चोरी का वर्णन किया। पंडित भूपेंद्र पांडेय ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण जिस तरह से साधु संत और गोपियों के हृदय (मन) रूपी माखन चुरा लेते थे, आज भगवान श्री हरि निर्मल मन वाले भक्तों के मन रूपी माखन को आज भी प्रभु चुरा लेते हैं और भक्तों को अपनी भक्ति प्रदान करते हैं। भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर



पलटन देशमुख, हलालखोर देशमुख, बजरहा निषाद, रामप्रसाद विश्वकर्मा, नंदकुमार यादव, धनुष दिल्लीवर, चतुर्भुज देशमुख, तोरण देशमुख, टोमन देशमुख, राजकुमार देशमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**समोदा में श्री कृष्ण की बाल लीला सुन भाव विभोर हो गए श्रद्धालु**



# ग्राम पेरपार में लगा एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर ग्राम पेरपार में आयोजित किया गया है। चतुर्थ दिवस शिविर में जिला संगठक बालोद डॉक्टर लीना साहू का आगमन शिविर स्थल पर हुआ।

जिला संगठक का स्वयंसेवकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया, वे बच्चों से रूबरू हुए और शिविर संबंधित जानकारी दी। डॉ लीना साहू द्वारा अपना अनुभव बच्चों के बीच शेयर किया और बच्चों को प्रेरित किया कि समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास होता है, हमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेरपार हेमंत कुमार भोजवानी प्रधानपाठक ने बच्चों को बधाई दी। साथ ही हेमंत कुमार साहू, व्याख्याता अजय वर्मा शिक्षक, शिक्षक केशवराम साहू, शिक्षक पेरपार वेद प्रकाश बघेल, डिम्पल विल्फ्रेड, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर मनीषा भारती उपस्थित हुए। कार्यक्रम प्रभारी केआर भंडारी व सहायक कार्यक्रम प्रभारी विज्ञान सहायक लक्ष्मी नारायण ध्रुव व इस अवसर माध्यमिक शाला पेरपार के बच्चे भी सम्मिलित हुए।



# चंदखुरी में शुरू हुई संकुलस्तरीय खेलकूद स्पर्धा, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चंदखुरी मिनी स्टेडियम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हेमलता देशमुख सरपंच, भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने गोला फेंक कर किया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं के लिए गोला फेंक, कबड्डी, दौड़, खो-खो, रेलेरेस सहित विभिन्न खेल खेले गए। इस अवसर पर सरपंच हेमलता देशमुख ने कहा कि सभी बच्चे अपने माता-पिता और शाला विकास का गांव का नाम रोशन करें।

बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। कार्यक्रम में शिखा मिश्रा संकुल प्राचार्य, बाबूराय साहू प्रधान पाठक देवकीनंदन शर्मा समन्वयक, विवेकानंद दिल्लीवार समन्वयक, रोहित चंद्राकर, राकेश बैस कुथरेल, शंकर लाल ठाकुर पीसेगांव, कपुर देवांगन कोनारी, ईश्वर देशमुख भानपुरी, गुलाब देवांगन, सुनीति दुबे कोलिहापुरी त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू स्वाति प्रसाद सुनीता पालरकर विजयालक्ष्मी पाटिल पुष्पा गजेन्द्र संतोष शर्मा योगेश्वरी हरमुख व सभी शालाओं के विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।





# मुमुक्षु मंथन छाजेड़ जयपुर में सात फरवरी को लेंगे दीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

आचार्य प्रवर श्री 1008 परम पूज्य विजय लाल जी मसा, आदि ठाणा चुतर्विध संघ की पावन निश्रा में 7 फरवरी को राजनादगाँव निवासी शांति लाल छाजेड़, अंजू छाजेड़ के बेटे व छाजेड परिवार के लाडले मुमुक्षु मंथन छाजेड़ जयपुर में दीक्षा ग्रहण करेंगे। मुमुक्षु मंथन छाजेड़ के सम्मान में डोंडी जैन समाज व जीजा जी अजय बाघमार बहन पायल बाघमार परिवार द्वारा अभिनन्दन कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का डोंडी जैन समाज के लोगों ने सम्मान किया।

श्री जैन दीक्षार्थी अभिनंदन समारोह का आयोजन श्री जैन स्थानकवासी श्री संघ डोंडी द्वारा किया गया। शोभायात्रा के दौरान रास्ते भर जैन समाज के युवक-युवतियों ने सुमधुर भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर समा बांधा। वहीं, शोभायात्रा के दौरान जैन समाजजनों ने मुमुक्षु भाई का स्वागत अभिनंदन किया। समाज के अध्यक्ष सुभाष ढेलड़िया ने कहा कि धन्य है ऐसे मुमुक्षु जो जिनशासन में संसार की आसारता को जानकर वितरागता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। हम सब मंथन छाजेड़ की भावना की खूब-खूब अनुमोदना करते हैं। मुमुक्षु भाई मंथन छाजेड़ ने संयम जीवन एवं मोक्ष के बारे में विस्तृत रूप से मार्गदर्शन दिया।



मुमुक्षु भाई ने कार्यक्रम में शान्तक्रांत धर्मसंघ के आचार्य श्री विजय लाल मसा जी के संदेशों को घर-घर अपनाने की अपील की। मुमुक्षु भाई ने कहा कि संतान किसी भी माता-पिता के लिए सबसे बड़ी संपत्ति है। हमें अपने बच्चों में अच्छे संस्कार देना चाहिए। धन संपदा तो यही रह जाएगा परंतु बच्चों में दिए गए अच्छे संस्कार ही हमारे जीवन को जीने मे आसान कर देगा। अच्छे संस्कार हमारे आने वाले भविष्य को प्रेरणा देता रहेगा। मुमुक्षु भाई ने पूज्य गुरुवर आचार्य श्री विजय लाल जी के संदेशों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

### बोरिदकला में मानसगान सम्मेलन 10 से

**गुरूर।** नव जागरण युवा शक्ति समिति बोरिदकला द्वारा तीन दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 10 जनवरी को दोपहर 3 बजे होगा। अतिथि के रूप में हरिराम सिन्हा, शत्रुघन सिन्हा, गजानंद मरकाम, भुवन सिन्हा, सुरेश साहू, कांता प्रसाद सिन्हा, हिरूराम सिन्हा, सोमेन्द्र साहू उपस्थित रहेंगे। 12 जनवरी को समापन समारोह के अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी अनिल सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत बोरिदखुर्द दुष्यंत सिन्हा, जितेन्द्र मगेन्द्र, गोकुल सिन्हा, हरिशचंद्र सिन्हा, रामदयाल साहू, भीखम सिन्हा, शोभित सिन्हा, राकेश सिन्हा, सागर निर्मलकर, भुनेश्वर ढीमर, सागर निर्मलकर, मिलन तारम, द्वारिका कामड़े, महेन्द्र सेन उपस्थित रहेंगे।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

### भाजपा नेताओं ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, मुख्यमंत्री साय करेंगे लोकार्पण



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के विधिवत लोकार्पण व शासकीय कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन के लिए चयनित स्थल मां बंजारी मंदिर जूंगेरा मिनी स्टेडियम का मुआयना करने भाजपा जिला के पदाधिकारी पहुंचे। 08 जनवरी को प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन बालोद जिले में होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सन 2022 में प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन किया था और उनका आगमन इसी भाजपा जिला के विधिवत लोकार्पण व शासकीय कार्यों के भूमि पूजन के लिए हो रहा है। इसे लेकर सभी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है कि हमारे प्रदेश के मुखिया का आगमन बालोद जिला मुख्यालय में होने जा रहा है।

चयनित स्थल का मुआयना करने वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, नेता राजा दीवान, नरेश यदु, शाहिद खान, बालोद मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, अर्जुन्दा मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता, संतोष कौशिक, रवि पाण्डे व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

